सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 46 | इंदौर, शुक्रवार 29 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## अनुराग जैन बने रहेंगे मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव

### एक साल का मिला एक्सटेंशन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** अनुराग जैन मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव बने रहेंगे। उन्हें एक साल का एक्सटेंशन मिला है। अनुराग जैन को 31 अगस्त को रिटायर होना था। अनुराग जैन को एक्सटेंशन मिलना पहले से ही तय माना जा रहा था, जिसके लिए केंद्रीय कार्मिक प्रशिक्षण मंत्रालय ने आदेश जारी कर दिए हैं।

इस आदेश के बाद मुख्य सचिव पद के लिए दावेदारी कर रहे डॉ. राजेश राजौरा, अशोक बर्णवाल समेत अन्य अपर मुख्य सचिव स्तर के अफसरों को अब सालभर का इंतजार करना पड़ेगा। सीएम डॉ. मोहन यादव दो दिनों में दो बार दिल्ली पहुंचे। मंगलवार को वे मुख्य सचिव अनुराग जैन को साथ लेकर दिल्ली गए थे। सीएम ने सीएस के साथ केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। बुधवार फिर सीएम डॉ. मोहन यादव दिल्ली गए थे। मुख्य सचिव अनुराग जैन केंद्र में पदस्थ रहने के दौरान अपनी कार्यशैली को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत अन्य प्रमुख नेताओं और ब्यूरोक्रेसी के बीच लोकप्रिय रहे हैं। इसी के चलते पूर्व मुख्य सचिव वीरा राणा के 30 सितंबर को रिटायर होने के बाद अंतिम दौर में 1 अक्टूबर को जैन के मुख्य सचिव बनाए जाने के आदेश जारी किए गए थे। अभी भी अनुराग जैन को 11 महीने के कार्यकाल में केंद्र से खुली छूट रही है। इसलिए वे प्रशासनिक फैसलों में अपनी पकड़ मजबूत साबित करते रहे हैं। जैन की यही कार्यशैली उन्हें एक्सटेंशन दिलाने में काम आई है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में इकबाल सिंह बैंस को केंद्र सरकार ने दो बार एक्सटेंशन दिया था। 6-6 महीने के दो बार के एक्सटेंशन के चलते बैंस 2022 में रिटायर होने के बाद नवंबर 2023 तक सेवा में रहे थे। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते एक दिसंबर से चुनाव आयोग ने सीनियर आईएएस वीरा राणा को सीएस बनाने की सहमति दी गई थी।

### वन्यजीवों के पुर्नवास के लिए हुआ एमओयू

## उज्जैन में होगी चिड़ियाघर-सह-सफारी केंद्र की स्थापना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश टाइगर फाउंडेशन समिति और ग्रीन्स ज़ूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर समिति के बीच गुरुवार को एमओयू हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित थे। इस एमओयू का उद्देश्य चिड़ियाघरों, रेस्क्यू सेंटर्स और सफारी में रखे गए वन्यजीवों के पुर्नवास, संरक्षण, पशु स्वास्थ्य और कल्याण में सहयोग करना उद्देश्य है। उज्जैन में प्रस्तावित चिड़ियाघर-सह-सफारी केंद्र की स्थापना के लिए तकनीकी सहायता सहित वन कर्मियों, पशु चिकित्सकों और हाथी महावतों के लिए विशेष क्षमता-निर्माण और कौशल उन्नयन के कार्यक्रम संचालित होंगे। साथ ही पशु चिकित्सा अस्पताल और नैदानिक प्रयोगशालाओं सहित उन्नत वन्यजीव स्वास्थ्य और बचाव बुनियादी ढांचे का सहयोगात्मक विकास भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुए इस एमओयू के अंतर्गत प्रदेश के चिड़ियाघर संस्थानों के लिए एकीकृत डिजिटल चिड़ियाघर प्रबंधन सूचना प्रणाली का डिजाइन और विकास किया जाएगा। संरक्षण योजना और साक्ष्य-आधारित वन्यजीव प्रबंधन के लिए, विशेष रूप से चिड़ियाघर के बाघों की आबादी के आणविक आनुवंशिक विश्लेषण के लिए ग्रीन्स ज़ूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर की उन्नत प्रयोगशाला की सुविधा



उपलब्ध हो सकेगी। वन्यजीवों को प्रभावित करने वाली बीमारियों की रोकथाम, निदान और उपचार के लिए भी संयुक्त अनुसंधान आरंभ होंगे। यह एमओयू दो साल की अवधि के लिए लागू रहेगा। समझौते के अनुक्रम में ग्रीन्स सेंटर तकनीकी प्रोटोकॉल, पशु चिकित्सा पद्धतियों और पशु कल्याण मानकों की समीक्षा कर, इस संबंध में सलाह राज्य शासन के वन विभाग को दे सकेगा। सीएम निवास स्थित समत्व भवन में हुए एमओयू हस्ताक्षर और आदान-प्रदान अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वी.एन. अंबाड़े, ग्रीन्स ज़ूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के डॉ. बृज किशोर गुप्ता, अनुपम जैन और संदीप दीक्षित उपस्थित रहे।

### जापान में मोदी बोले-

## भारत निवेश के लिए सबसे बेहतर, कहा- भारत टैलेंट का पावरहाउस

**नई दिल्ली/टोक्यो, (एजेंसी)** PM मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। वे टोक्यो में भारत-जापान की जॉइंट इकोनॉमिक फोरम की बैठक को संबोधित कर रहे हैं। अपने भाषण की शुरुआत में उन्होंने भारत को निवेश के लिए सबसे बेहतर बताया।



उन्होंने कहा, आज भारत में राजनैतिक और आर्थिक स्थिरता है, पॉलिसी में पारदर्शिता है। बहुत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने जा रहा है। इस बदलाव के पीछे हमारी रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की अप्रोच है। बतौर प्रधानमंत्री यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की।

अब से थोड़ी देर में वे जापान के पीएम इशिबा से मुलाकात करेंगे। PM मोदी यहां 15वें भारत-जापान वार्षिक समिट में हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में दोनों देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा होगी।

# मार्च तक इंदौर में बनेंगी 277 नई सड़कें

## त्यौहारों में हादसों पर संभागायुक्त सख्त, बोले तेज करो काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में इंदौर संभाग के अंतर्गत सड़कों के निर्माण एवं संधारण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारी संभागायुक्त कार्यालय में तथा नगर निगम के अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से जानकारी ली। बैठक में संभागायुक्त सिंह ने संभाग में चल रहे विभिन्न सड़कों, पुल-पुलिया के निर्माण एवं संधारण कार्यों की समीक्षा की। सिंह ने संधारण और मरम्मत योग्य सड़कों की स्थिति के संबंध में अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही उन्होंने संभाग की सभी सड़कों एवं फ्लाईओवर का निर्माण एवं संधारण का कार्य समयसीमा में गुणवत्ता के साथ करने की सख्त हिदायत भी दी है। उन्होंने कहा कि बारिश में आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी नहीं हो, इस बात का ध्यान रखा जाए। निर्माणाधीन सड़कों एवं पुल-पुलिया के




आसपास सुरक्षा की दृष्टि से बेरिकेट, होर्डिंग्स, रेडियम आदि के संकेतक लगाएं। सड़कों एवं पुल-पुलिया के संधारण का कार्य लगातार जारी रखें। संभागायुक्त सिंह ने आगामी समय मे आने वाले त्यौहारों में सड़कों से किसी तरह की परेशानी न हो इस बात का पूरा-पूरा ध्यान रखने की हिदायत दी है। खासकर गणेशोत्सव, नवरात्रि आदि त्यौहारों को देखते हुए सड़कों के निर्माण और संधारण के कार्य में गति लाएं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी मरम्मत एवं निर्माण का कार्य जारी रखा जाए। सिंह ने कहा कि संभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कें और संधारण के कार्य में लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका निगम, एनएचएआई, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम आदि विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। सिंह ने निर्माण कार्यों में हो रहे विलम्ब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के साथ ही ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में इंदौर-उज्जैन मार्ग 6 लेन, मूसाखेड़ी चौराहा फ्लाईओव्हर, देवास नाका चौराहा फ्लाई ओव्हर, आईटी पार्क चौराहा फ्लाईओव्हर, सत्यसांई चौराहा फ्लाईओव्हर के निर्माण कार्यों पर चर्चा की गई। इसके अलावा एबी रोड से हरसोला दतोदा मार्ग का उन्नयन कार्य, अमलपुरा सांवखेड़ा जावर मार्ग का उन्नयन कार्य, तेजाजी नगर से बलवाड़ा मार्ग, इंदौर-हरदा फोरलेन, इंदौर-देवास 6 लेन, इंदौर-खलघाट 4 लेन, इंदौर-गुजरात 4 लेन आदि सड़कों के निर्माण कार्यों एवं संधारण पर भी चर्चा हुई। लोक निर्माण विभाग द्वारा बैठक के दौरान जानकारी प्रस्तुत की गई, जिसके अनुसार 31 मार्च 2026 तक 277 नई सड़कों का निर्माण पूर्ण करेंगी। ये सभी सड़कें इंदौर संभाग में 1186.68 किमी का दायरा कवर करेगी। इसके अलावा विभाग द्वारा 111.25 किमी. की 35 सड़कों पर मजबूतीकरण और विशेष मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खंडवा में 21, झाबुआ में 8, बड़वानी में 7 और धार में 3 तीन इस तरह कुल 39 सड़कों के नवीनीकरण के कार्य में जुटा हुआ है। जबकि परफॉर्मेंस ग्यारंटी की विभाग के पास 3878.38 किमी. की 987 सड़कें है। बैठक के दौरान एमपीआरआरडीए के अधिकारी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना का कार्य बारिश के बाद शुरू किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। ऐसी 1904 सड़कें है। इसमें दो फेज है, पहले फेज में 1243 और दूसरे में 661 सड़कें चिन्हित हैं। इसके अलावा इस योजना मप्र शासन द्वारा 100 प्रतिशत राशि से 4158 सड़के निर्मित होगी।

# निकलने वाली झांकियों के रास्तों को हुआ निरीक्षण

## कलेक्टर ने जर्जर मकान, लटकते तारों को हटाने का कहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अनंत चतुर्दशी पर इंदौर में परंपरागत झांकियां निकलती है। जिन रास्तों से झांकियां गुजरती है, उनकी स्थिति देखने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह, महापौर पुष्य मित्र भार्गव, निगम कमिश्नर शिवम वर्मा, पुलिस अधिकारी सहित निगम व अन्य विभाग के अधिकारियों ने मैदान में उतरे। उन्होंने पैदल और आई बस में सफर कर रास्तों में आने वाली दिक्कतों को देखा और इसे दूर करने के लिए कहा।**

सभी भंडारी ब्रिज चौराहे पर इक्ट्ठा हुए, यहां से निरीक्षण की शुरुआत की। पैदल और आई बस में बैठकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने रोड की स्थिति को देखा। अलग-अलग रास्तों से होते हुए सभी राजबाड़ा पहुंचे। इस मौके पर कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि यह इंदौर की संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। पूरा इंदौर इसे देखने आता है। ऐसे में



ये सुनिश्चित कर करें कि सारी व्यवस्थाएं उसके अनुरूप ही हो। नगर निगम ने पहले से ही सुधार काम शुरू कर दिए हैं। महापौर के साथ विभाग के सभी अधिकारियों ने झांकी का रास्ता देखा। सभी विभागों को अपनी जिम्मेदारी समय पर पूरा करने के लिए कहा गया है। नगर निगम की तरफ से चाहे रोड की मरम्मत हो, बिजली के केबल का काम हो, सीसीटीवी लगाने हो या वॉच टावर लगाने हो, सारी चीजें समय पूरी की जाएगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि गणेश चतुर्थी पर गणेश उत्सव की शुरुआत हुई। नगर निगम, जिला प्रशासन ने मिलकर अनंत चतुर्दशी के झांकी-जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया है। झांकी मार्ग में आ रहे जर्जर मकानों और लटकते तारों को हटाने के लिए कहा है। रास्ते में जो मंच लगते है उनकी जगह उनके साइज को लेकर बात हुई है, खासकर किशनपुरा छत्री पर जो नगर निगम का मंच लगता है उसकी जगह बदलने और निर्णायक मंच को लेकर भी बातचीत हुई है। निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने कहा- झांकियां पूरी सुगमता के साथ निकल सके, पूरा उल्लास का माहौल रहे, इसलिए हमने हमारे सभी काम चेक कर लिए है। रास्ते में जो भी जीर्णशीर्ण बिल्डिंग है, उसकी बैरिकेडिंग करना, तारों की बाधाओं को दूर करने के लिए कहा है। साजसज्जा को लेकर भी हम काम कर रहे है। पुलिस के वॉच टावर भी लगाने की जगह तय कर ली है। निर्णायक मंच को लेकर भी जगह चिह्नित की है। पहले 9 जर्जर मकान चिह्नित किए थे। इसमें तीन जगह काम हो गए है, इसे दोबारा चैक किया जाएगा। जो कार्रवाई बाकी होगी उसे भी पूरा कर लिया जाएगा।

### इन रास्तों से गुजरेगी झांकियां

इंदौर में परंपरागत झांकियों का कारवां भंडारी ब्रिज चौराहे से श्रम शिविर, चिकमंगलूर चौराहा, जेलरोड, नावल्टी मार्केट, जेलरोड चौराहा, एमजी रोड, मृगनयनी चौराहा, कृष्णपुरा छत्री, नंदलालपुरा, फ्रूट मार्केट, जवाहर मार्ग, गुरुद्वारा चौराहा, बंबई बाजार, नृसिंह बाजार, कपड़ा मार्केट, खजूरी बाजार, राजबाड़ा होते हुए नगर निगम से होकर गुजरती है। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान एमआईसी मेंबर नंदकिशोर पहाड़िया, अश्विनी शुक्ल, अभिषेक शर्मा बबलू, राजेश उदावत, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अभय राजनगांवकर, नरेंद्र नाथ पांडे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अखिलेश उपाध्याय सहित अलग-अलग विभागों के अधिकारी शामिल थे।

## आरक्षण पर कांग्रेस का इंदौर कलेक्ट्रेट में हंगामा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 27% ओबीसी आरक्षण के मामले में गुरुवार को इंदौर में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी दिया।**

नवनिर्वाचित शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे बोले- जिस प्रकार से ओबीसी की जनसंख्या 60-62 प्रतिशत से ज्यादा है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की कांग्रेस सरकार ने 2019 में 27% ओबीसी आरक्षण को स्वीकृति दी थी। बीजेपी सरकार का दायित्व था कि उस आरक्षण को एक्जीक्यूट करते, लेकिन बीजेपी सरकार ने उसे एक्जीक्यूट नहीं किया और कोर्ट में याचिका लगा दी। हमारी मांग है मुख्यमंत्री से ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण दिया जाए, अन्यथा कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। आगे की रणनीति पीसीसी तय करेगी। नवनिर्वाचित जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कहा - बीजेपी ने ओबीसी वर्ग को गुमराह करके सिर्फ उनसे वोट लेने का ढकोसला किया है, लेकिन जब-जब ओबीसी वर्ग को उनका अधिकार देने की बात आई तो बीजेपी हमेशा बैकफुट पर खड़ी रही। हमारे नेता कमलनाथ की सरकार में ओबीसी वर्ग को आरक्षण दिया था, लेकिन जब से सरकार बदली भाजपा सरकार का रवैया डुल मूल हो गया। आज भाजपा सर्वदलीय बैठक बुलाकर नौटंकी कर रही हैं। हमारी मांग है कि ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण मिलना चाहिए। जब तक आरक्षण नहीं मिलता तब तक कांग्रेस पार्टी सड़कों पर आंदोलनरत रहेगी।

## बारिश से भरे पानी में डूबे दो बच्चे

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में गुरुवार शाम दो बच्चे डूबने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। यहां तेज बारिश में रेस्क्यू चलाया जा रहा है। अभी दोनों बच्चों की जानकारी नहीं लगी है। मौके पर टीआई सहित अन्य स्टाफ मौजूद है। एसीपी रूबीना मिजवानी के मुताबिक, घटना रेवती रेंज इलाके की है। यहां चार बच्चे बारिश के जमा पानी में नहाने गए थे। इस दौरान 14 साल का शिवराज तंवर और प्रिंस दीवाना लापता हो गए। नहाते समय जब वे दोनों दिखाई नहीं दिए तो उनके साथ पानी में नहा रहे दो दोस्तों ने आसपास के लोगों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

## विकास शुल्क जमा कराने के लिए इंदौर नगर निगम बनाएगा नया सिस्टम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर नगर निगम शहर की अवैध कॉलोनियों को नियमित तो कर रहा है, लेकिन इन कॉलोनियों के रहवासियों से विकास शुल्क वसूलने का उसके पास कोई सिस्टम ही नहीं है। हालत यह है कि निगम अब तक 150 से ज्यादा कॉलोनियों को नियमित कर चुका है, लेकिन विकास शुल्क किसी भी कॉलोनी का जमा नहीं हुआ। दरअसल जिन कॉलोनियों को नियमित किया गया है, उनमें से ज्यादातर पहले से विकसित हैं। उनमें बिजली, पानी और सड़क की सुविधा उपलब्ध है।**

ज्यादातर भूखंडों पर बगैर नक्शा पास कराए निर्माण भी हो चुका है। सवाल उठ रहा है कि ऐसी स्थिति में रहवासी विकास शुल्क क्यों जमा



कराएंगे जबकि उनकी कॉलोनी में कोई विकास होना ही नहीं है। नगर निगम का कहना है कि कॉलोनी नियमित होने और विकास शुल्क जमा कराने के बाद रहवासी नक्शा पास कर वैध तरीके से निर्माण कर सकेंगे, लेकिन जो पहले से निर्मित हैं, उनका क्या होगा, इस बारे में निगम मौन है। शहर की अवैध कॉलोनियों को नियमित करने की मुहिम करीब ढाई वर्ष पहले शुरू हुई थी। नगर निगम अब तक तीन चरणों में 150 से अधिक कॉलोनियों को नियमित कर चुका है। कॉलोनियों को नियमित करने के एवज में रहवासियों को एक निश्चित विकास शुल्क नगर निगम में जमा कराना था। यह राशि पांच रुपये वर्गफीट से लेकर 150 रुपये वर्गफीट तक है। इस राशि को जमा कराने के लिए कोई सिस्टम ही नगर निगम ने नहीं बनाया। कॉलोनी नियमित करते हुए बताया गया था कि इसके बाद नक्शे पास हो सकेंगे, निर्माण के लिए बैंकों से ऋण मिल सकेगा, लेकिन समस्या यह है कि नियमित हुई ज्यादातर कॉलोनियों में पहले ही से मकान बने हुए हैं। इतना ही नहीं, इन कॉलोनियों में सड़क, पानी और बिजली की सुविधा भी पहले से उपलब्ध है।

## पब संचालक केस, भूपेन्द्र रघुवंशी का अंतिम संस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अन्नपूर्णा क्षेत्र निवासी पब संचालक भूपेन्द्र रघुवंशी का गुरुवार को उनकी बेटी के लौटने के बाद अंतिम संस्कार किया गया। 10 साल के बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के तुरंत बाद पुलिस ने उनके तीन दोस्तों को बयान के



लिए थाने बुलाया। इसी बीच सोशल मीडिया पर इति की बर्थडे पार्टी का एक वीडियो सामने आया है, जो भूपेन्द्र ने खुड़ैल के फार्म हाउस पर आयोजित की थी। इस मामले में आज शाम पुलिस भूपेन्द्र के ड्राइवर शुभम, पत्नी आरती और पिता के बयान दर्ज करेगी। पुलिस ने परिवार से कहा है कि वे जो भी जानकारी जानते हों, उसे साझा करें। वहीं सूत्रों के अनुसार, चर्चा है कि इति अब तक भूपेन्द्र से करीब 2 करोड़ रुपए ले चुकी थी, हालांकि परिवार ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है। अंतिम संस्कार के बाद दोस्तों के पास इति की बर्थडे पार्टी का वीडियो भी पहुंचा। इस पार्टी में भूपेन्द्र देर से पहुंचे थे, जबकि इति की सहेली अरिशा भी मौजूद थी।

## शासकीय विद्यालयों में त्रैमासिक परीक्षा शुरू

### परीक्षा परिणाम 16 सितंबर को घोषित होगा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समयसारणी अनुसार शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की त्रैमासिक परीक्षा आज से शुरू हुई । दो शिफ्टों में प्रारंभ हुई परीक्षा में प्रातः हाई स्कूल और दोपहर को हायर सेकेंडरी कक्षाओं की परीक्षा होगी। इंदौर के शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र 2 के प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि विद्यालयों में परीक्षा समाप्त होने के बाद अगले दिन की परीक्षा के लिये विशेष कक्षाएं संचालित करने के निर्देश लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किए है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान मूल्यांकनकर्ता शिक्षक उत्तर पुस्तिकाओं में परीक्षार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों का उल्लेख करते हुए अपना मतांकन करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा उपलब्ध प्रश्न बैंक, अंक योजना और अगस्त तक पूर्व निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर विद्यालय स्तर पर प्रश्नपत्र तैयार करवाये गए है। विद्यार्थियों और पालकों को उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन कराए जाने के भी निर्देश है। त्रैमासिक परीक्षा का परिणाम 16 सितंबर को घोषित किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि त्रैमासिक और छह माही परीक्षा के अनुपातिक अंक वार्षिक परीक्षा में जोड़े जाने से परीक्षा का महत्व बढ़ा है।

# एक ही मत... सराफा चौपाटी को शिफ्ट किया जाए

**इंदौर। रात में लगने वाली सराफा चौपाटी का विरोध जारी है। सराफा व्यापारी यहां लगने वाली चौपाटी को शिफ्ट करने की मांग कर रहे हैं। व्यापारियों की महापौर पुष्यमित्र भार्गव के साथ हुई बैठक में भी लिया गया निर्णय व्यापारियों को रास नहीं आ रहा है। वे चाहते हैं कि यहां चौपाटी न लगे। इस लेकर एसोसिएशन पदाधिकारियों-व्यापारियों से बात की। सभी का एक ही मत है कि सराफा चौपाटी को यहां से शिफ्ट किया जाए।**

इंदौर चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष हुकुम सोनी ने बताया कि हमने विकल्प बताए हैं। इसमें रिवर साइड रोड, पोद्दार प्लाजा, गांधी हॉल,



हरसिद्धि के समीप है। शहर में जगह की कमी कहां है, कई विकल्प हैं। कहीं भी चौपाटी स्थानांतरित की जा सकती है। उसे सराफा चौपाटी का नाम दे दिया जाए। जो व्यक्ति यहां खाने आता है वह वहां भी खाने जा सकता है। ऐसा नहीं है कि लोग नहीं जाएंगे। सराफा चौपाटी के नाम पर यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी लगने लगा है। विशेष वर्ग के लोग यहां घूमने आते हैं यहां छेड़छाड़ की घटनाएं भी होती हैं। सराफा का नाम बदनाम हो रहा है और हमें ठेस पहुंच रही है। फास्टफूड की दुकानें ज्यादा हैं। परंपरागत व्यंजन खत्म हो गया है। नई जनरेशन फास्टफूड खाती है। हमारी मजबूरी है, हमारा भी व्यवसाय है। हम भी सोने-चांदी का व्यापार करते हैं। हमें भी यहां कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इनसे हाथ जोड़कर विनती है कि सराफा चौपाटी यहां से शिफ्ट की जाए। यहीं लगाना है तो सराफा तो दूसरी जगह स्थापित किया जाए। सराफा की अपनी आन-बान-शान है, लेकिन सराफा का नाम गर्त में जा रहा है। उसे वापस उठाना है इसलिए सराफा चौपाटी हटाओ अभियान चलाया है। इसमें नेहरू स्टेडियम, गांधी हॉल, रीवर साइड रोड, लालबाग पैलेस पर सराफा चौपाटी लगा सकते हैं। सराफा चौपाटी लगाने वाले हमारे भाई हैं, हम भी नहीं चाहते हैं कि इनका व्यापार खत्म हो। इन्हें भी अच्छी जगह विस्थापित किया जा सकता है। महापौर का मानना है कि यह शहर की पहचान हो गया है, लेकिन हमें ऐसा नहीं लगता है। सराफा चौपाटी को हटाया जा सकता है। इसी नाम के साथ सराफा चौपाटी को कहीं ओर शिफ्ट किया जा सकता है। इसका नाम और पहचान बरकरार रहेगी।

## अब तक 20 इंच हुई बारिश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पश्चिम क्षेत्र में गुरुवार को तेज बारिश हुई। इससे गांधीनगर मेट्रो स्टेशन-6 के पास पानी की निकासी नहीं होने के कारण टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर फंस गए। कई वाहन बंद हो गए तो किसी के हेलमेट पानी में बह गए।**

इंदौर में पिछले 24 घंटों में आधा इंच बारिश हुई है। इसे मिलाकर अब तक 20 इंच बारिश हो चुकी है। हालांकि पिछले साल 27 जुलाई तक 28 इंच बारिश हो चुकी थी। बहरहाल अगस्त का कोटा 10 इंच का है। इस लिहाज से माह का कोटा पूरा करने के लिए अभी 2 इंच पानी और चाहिए। माह समाप्त होने पर अभी तीन दिन बाकी हैं। गुरुवार अलसुबह हल्की बारिश हुई। इसके बाद से बादल छाए हुए थे। मौसम वैज्ञानिकों ने बारिश के आसार जताए हैं। इंदौर में सीजन की औसत बारिश 38 इंच है। इस लिहाज से अभी कोटा पूरा करने के लिए 18 इंच बारिश की जरूरत है। इसके पहले बुधवार दोपहर तक मौसम साफ रहा, फिर कई हिस्सों में बारिश शुरू हो गई और रात तक रुक-रुककर रिमझिम होती रही।

# जानलेवा हमले के मामले में पांच वकीलों को कोर्ट ने सुनाई सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिला कोर्ट ने उज्जैन के पांच वकीलों को जानलेवा हमले में सजा सुनाई है। चार वकीलों को सात-सात साल के सश्रम कारावास और एक 90 वर्ष के बुजुर्ग वकील को 3 साल की सजा सुनाई है। यह पहला मामला है जब एक साथ पांच वकीलों को जिला कोर्ट से सजा सुनाई गई है।**

एडवोकेट अशोक कुमार शर्मा और वरिष्ठ अभिभाषक गगन बजाड़ ने बताया कि धर्मेंद्र शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, भवेंद्र शर्मा एवं पुरुषोत्तम राय समेत 90 वर्षीय सुरेंद्र शर्मा पर 2009 में उज्जैन की जिला कोर्ट परिसर में जानलेवा हमले का आरोप है। मामले में आरोपियों पर धारा 307/34 के तहत केस दर्ज किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीकृष्ण डागलिया की कोर्ट ने आरोपियों को दोषी पाया। सभी को 10-10 हजार रुपए के सश्रम कारावास से भी दंडित किया है। एडवोकेट अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी धर्मेंद्र और शैलेंद्र सुरेंद्र शर्मा के बेटे हैं। जबकि आरोपी भवेंद्र शर्मा और पुरुषोत्तम राय इनके जूनियर थे।



इस संबंध में अधिवक्ताओं ने प्रेस कांफ्रेंस में घटनाक्रम की जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ अभिभाषक राजेंद्र समदानी, वरिष्ठ अभिभाषक राहुल विजयवर्गीय, अभिभाषक कनिष्क शर्मा एवं अभिभाषक विजय गोविन्दानी भी मौजूद थे।

घटना 10 फरवरी 2009 की है। धर्मेंद्र शर्मा और उसके भाई ने उनके खिलाफ चल रहे एक मामले में पत्रकार घनश्याम पटेल जब गवाही देने आए थे तब सभी ने न्यायालय परिसर में जान से मारने की धमकी दी थी। इस घटना की रिपोर्ट पटेल ने उज्जैन में दर्ज कराई थी। इसके एक दिन बार फिर से जब पटेल कोर्ट पहुंचे तो पांचों आरोपियों ने एक साथ उन पर कुर्सी, लाठी, छड़, और डंडे से जानलेवा हमला किया। उसी समय पटेल की रिवॉल्वर, चेन और घड़ी भी लूटी गई। हमले में घायल वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम पटेल 3 दिन उज्जैन के संजीवनी अस्पताल एवं बाद में इंदौर के गोकुलदास अस्पताल में 15 दिनों तक भर्ती रहे। पांचों आरोपी अधिवक्ता भी हैं, इसलिए उनका दबदबा भी था। इसलिए हाई कोर्ट ने इस मामले को इंदौर कोर्ट में ट्रांसफर किया। लेकिन यहां भी पटेल गवाही न दे सकें इसलिए उन्हें पांचों आरोपियों ने परेशान किया। उज्जैन में चली कुछ समय तक सुनवाई के दौरान भी आरोपी वकील जजों के ट्रांसफर की एप्लिकेशन लगाते थे। एडवोकेट बजाड़ ने बताया कि धर्मेंद्र शर्मा के खिलाफ चल रहे आपसी विवाद के केस में घनश्याम पटेल फरियादी थे। उस केस में पटेल की गवाही चल रही थी। धर्मेंद्र शर्मा की सनद निरस्त कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट भी जाना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने छह माह में इस मामले में फैसला लेने का आदेश दिया था। इससे पहले बार काउंसिल ऑफ इंडिया में शिकायत की गई। इसके चलते धर्मेंद्र शर्मा के जेल में रहते सनद निरस्त हुई थी। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के समक्ष भी रखा जाएगा, ताकि आरोपी किसी तरह का लाभ नहीं ले सकें।

# किसान से जमीन सौदे में धोखाधड़ी

### जमीन बेचकर रकम ली, फिर दूसरे के नाम कर दी रजिस्ट्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाड़िया पुलिस ने मंडलेश्वर के एक किसान की शिकायत पर इंदौर के तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों ने बुरानाखेडी गांव में जमीन का सौदा कर रुपए लेने के बाद वही जमीन किसी और को बेच दी। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत डीसीपी से की थी, जिस पर जांच के बाद कार्रवाई की गई।**

कनाड़िया पुलिस के अनुसार, महात्मा गांधी मार्ग निवासी प्रदीप चौहान की शिकायत पर बलराम (पुत्र मायराम बुराने, निवासी अंबे कॉलोनी रेडिसन), अमजद (पुत्र रहमत पटेल, निवासी खजराना) और संजय (पुत्र भभूत सिंह कुशवाह, निवासी अंबेडकर नगर) के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन (धारा 406 और 420) का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, संजय और अमजद ने संजय बुराने की भूमि प्रदीप को बेची थी। इस सौदे में 6 जुलाई 2022 को 1.432 हेक्टेयर भूमि खरीदी गई थी। सौदे के दौरान 7 लाख रुपए बाकी छोड़कर पूरी राशि बलराम को दी गई थी। इसके अलावा अमजद को 9 लाख रुपए अलग से देने का अनुबंध हुआ था। बाद में पता चला कि बलराम और अमजद ने भूमि का नामांतरण नहीं कराया, जिसके कारण प्रदीप की रजिस्ट्री नहीं हो सकी। इसके बाद भी आरोपी रजिस्ट्री कराने का आश्वासन देते रहे। इसी भूमि को आरोपियों ने 12 मार्च 2024 को संतोष मकवाना, सुरेश मकवाना और श्रीराम मकवाना के नाम भी बेच दिया और इसकी जाहिर सूचना दी। जब यह बात प्रदीप को पता चली तो उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत की। करीब एक साल की जांच के बाद कनाड़िया पुलिस ने बुधवार को आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# मौसेरी बहन ने डिलीट किया श्रद्धा का इंस्टाग्राम अकाउंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमआईजी इलाके से शनिवार (23 अगस्त) को लापता हुई छात्रा श्रद्धा तिवारी मामले में पुलिस ने नए सिरे से जांच शुरू की है। पहले परिवार ने पुलिस से पूछताछ में उसके साथ मारपीट की बात कही थी। छात्रा की इंस्टाग्राम आईडी भी डिलीट मिली थी।**

साइबर टीम की जांच में पता चला कि यह आईडी उसकी मौसी की बेटी खुशी ने डिलीट की थी। जिसके बाद पुलिस ने खुशी के साथ-साथ श्रद्धा के माता-पिता को भी दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया है।एमआईजी क्षेत्र की रहने वाली गुजराती कॉलेज की सेकेंड ईयर की छात्रा श्रद्धा तिवारी 23 अगस्त को घर से चली गई थी। उसके तीन जगहों पर सीसीटीवी फुटेज मिले थे। शुरुआती जांच में परिवार ने श्रद्धा के दोस्त सार्थक पर आरोप लगाए थे, लेकिन वह निर्दोष निकला। बाद में खुलासा हुआ कि माता-पिता ने सार्थक से दोस्ती को लेकर श्रद्धा के साथ मारपीट की थी, जिससे आहत होकर उसने घर छोड़ दिया था। पुलिस कमिश्नर ने इस मामले में श्रद्धा की फाइल तलब की और सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच करवाई। जांच में खुशी द्वारा इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट करने की पुष्टि हुई। अब पुलिस ने श्रद्धा के परिजनों को पूछताछ के लिए फिर से बुलाया है। छात्रा के लापता होने के बाद परिवार ने घर के गेट पर उसकी उल्टी तस्वीर लगाई है। दरअसल, राजा रघुवंशी हत्या कांड में शामिल सोनम की वापसी के लिए भी परिवार ने लटकाई थी उल्टी तस्वीर लगाई थी। अब श्रद्धा के परिवार ने भी यही टोटका अपनाया है। परिजनों ने शक जाहिर किया है कि छात्रा एक इंजीनियर युवक सार्थक के संपर्क में थी और शायद वह उसे अपने साथ ले गया हो। इस आधार पर पुलिस ने सार्थक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। पूछताछ में सार्थक ने बताया कि पिछले 15 दिनों से दोनों की कोई बातचीत नहीं हुई थी, क्योंकि परिवार की नाराजगी के चलते श्रद्धा डर गई थी। पुलिस ने मोबाइल डिटेल भी खंगाली, लेकिन कोई खास जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने छात्रा की एक सहेली से पूछताछ की तो पता चला कि कुछ दिन पहले श्रद्धा ने आत्महत्या का प्रयास किया था। इसके बाद परिजनों ने उसके साथ मारपीट की थी, जिससे वह आहत थी और घर छोड़कर चली गई।

# ग्वालियर में दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉनक्लेव आज से, सीएम डॉ. यादव बोले- पर्यटन को मिलेगी नई दिशा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में शुक्रवार से दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन कर रहा है। इसका उद्देश्य ग्वालियर-चंबल एवं सागर क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए प्रदेश में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करना है। 'टाइमलेस ग्वालियरः इकोज ऑफ कल्चर, स्पिरिट ऑफ लेगेसी' थीम पर केंद्रित कॉन्क्लेव पर्यटन निवेश, सांस्कृतिक धरोहर, अनुभवात्मक पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके बाद मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 11 से 13 अक्टूबर-2025 तक भोपाल में मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट का आयोजन किया जाएगा।**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इस कॉन्क्लेव से पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। ग्वालियर कॉन्क्लेव के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर तथा पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी होंगे। प्रसिद्ध अभिनेता पीयूष मिश्रा और फैसल मलिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

**अनुबंध और साझेदारियों से होगा पर्यटन का विकास-** कॉन्क्लेव में पर्यटन विकास को गति देने के लिए कई अहम करार होंगे। होटल, रिसॉर्ट, वेलनेस और इको-टूरिज्म क्षेत्र के निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड (एलओए) प्रदान किए जाएंगे। पारंपरिक संगीतज्ञों, लोक कलाकारों और पर्यटक ग्रामों के कलाकारों की क्षमता निर्माण के लिए ग्वालियर की मान सिंह तोमर यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू होगा। इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और प्रचार-प्रसार के लिए याप डिजिटल, क्रायोन्स एडवरटाइजिंग, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड, कॉन्सेप्ट कम्युनिकेशन्स साथ अनुबंध होंगे। इन समझौतों से न केवल निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय और कलाकार भी प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।




**नई परियोजनाओं का होगा शुभारंभ-** कॉन्क्लेव में नई परियोजनाओं की शुरुआत भी होगी। इनमें हस्तशिल्पों की मार्केटिंग में संस्था डेलबर्टो महत्वपूर्ण साझेदारी होगी। इस साझेदारी से हस्तशिल्प प्रेमी एक विशेष ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म के जरिए सीधे हमारे कारीगरों से जुड़कर उनके द्वारा तैयार किए गए उत्कृष्ट और प्रामाणिक उत्पाद घर बैठे ही खरीद सकेंगे। इंडिगो और आगा खां फाउंडेशन के सहयोग से सीएसआर के अंतर्गत ग्वालियर किले में संरक्षण, लैंडस्कैपिंग और इल्युमिनेशन कार्यों का शिलान्यास होगा। स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत ग्वालियर के फूल बाग में अनुभवात्मक पर्यटन परियोजनाओं का शिलान्यास होगा। साथ ही मान सिंह तोमर म्यूजिक यूनिवर्सिटी में विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा।

**विरासतों, धरोहरों और अनुभवात्मक पर्यटन की संभावनाओं पर होगा मंथन-** रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में दो महत्वपूर्ण सत्र होंगे। 'टूरिज्म ऐज अ कल्चरल ब्रिज ब्रांडिंग ग्वालियर एंड हार्टलैंड ऑफ एमपी' विषय पैनल डिस्कशन होगा, जिसमें ग्वालियर की सांस्कृतिक धरोहर, शास्त्रीय संगीत और स्थापत्य कला को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की रणनीतियों पर विचार होगा। दूसरा पैनल डिस्कशन 'ग्वालियर एंड चंबल राइजिंग – इनबाउंड अपील थ्रू हेरिटेज, लग्जरी एंड एक्सपीरियंस विषय पर केंद्रित होगा, जिसमें विरासत, लग्जरी स्टे, डेस्टिनेशन वेडिंग और अनुभवात्मक पर्यटन जैसे नए आयामों पर संवाद होगा।

**हितधारक पर्यटन व्यवसाय में निवेश की संभावनाओं पर करेंगे चर्चा-** रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में ट्रैवल ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के बीच द्विपक्षीय संवाद और पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी। यह सत्र न केवल क्षेत्रीय पर्यटन के विकास के लिए, बल्कि राष्ट्रीय पर्यटन समृद्धि के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

**सांस्कृतिक संध्या में दिखेगा मध्य प्रदेश का गौरव-** रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के प्रथम दिवस सांस्कृतिक संध्या में मध्यप्रदेश का गौरव देखने को मिलेगा। इस दौरान कलाकारों द्वारा लोककला की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी प्रकार मैहर बैंड समां बांधेगा। इस कॉन्क्लेव में विशेष पर्यटन प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मध्यप्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों, पर्यटन इकाइयों, होस्पिटैलिटी ब्रांड्स, होमस्टे, रिसॉर्ट्स, हैंडलूम/हैंडीक्राफ्ट, साहसिक गतिविधियों और सांस्कृतिक धरोहरों को समर्पित स्टॉल लगाए जाएंगे। यह प्रदर्शनी निवेशकों, ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स, स्थानीय उद्यमियों और आगंतुकों को एक मंच पर लाकर पर्यटन क्षेत्र में संभावनाओं को प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत करने का अवसर देगी।

**जुटेंगे इंफ्लुएंसर्स, हितधारक जानेंगे समृद्ध विरासत-** कॉन्क्लेव में इंफ्लुएंसर्स मीट भी होगी। इसमें ग्वालियर–चंबल क्षेत्र के इंफ्लुएंसर्स शामिल होंगे और उन्हें अभिनेता फैसल मलिक के साथ रूबरू होने का अवसर मिलेगा। इसी तरह ग्वालियर किले पर 30 एवं 31 अगस्त को सुबह 6:30 बजे से योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। चयनित अतिथियों एवं प्रतिनिधियों के लिए फैमिलियाराइजेशन टूर (FAM Tour) का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य ग्वालियर एवं आसपास के पर्यटन स्थलों की संभावनाओं से प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। इस विशेष भ्रमण के माध्यम से प्रतिनिधियों को क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक महत्व आदि का अनुभव कराया जाएगा, जिससे वे निवेश, प्रचार-प्रसार और पर्यटन विकास की दृष्टि से गहराई से जुड़ सकें।

## वैष्णोदेवी में हुए भूस्खलन में मंदसौर के दो भक्तों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर।** जिले की मल्हारगढ़ विधानसभा के छोटे से गांव भीलखेड़ी में बुधवार से मातम का माहौल है। गांव के सात श्रद्धालु माता वैष्णोदेवी के दर्शन के लिए रवाना हुए थे, लेकिन जम्मू के कटरा मार्ग पर हुए भूस्खलन हादसे में उनमें से दो की मौत हो गई, तीन घायल हो गए जबकि दो यात्री सकुशल है। इस हृदय विदारक घटना की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर है।

जानकारी के अनुसार 23 अगस्त को भीलखेड़ी से सात श्रद्धालु पिपलिया स्टेशन से ट्रेन द्वारा यात्रा पर रवाना हुए थे। इनमें फकीरचंद पिता गौतम गुर्जर (50), उनकी पत्नी सोहनबाई (47), रतनबाई पति भगतराम गुर्जर (65), देवीलाल पिता भगतराम (45), ममता पति समरथ गुर्जर (30), परमानंद पति गंगाराम (29) और अर्जुन पिता नाथुलाल (28) शामिल थे। परिजन बताते हैं कि सभी लोग बहुत उत्साहित थे और घर से बड़े हर्षोल्लास के साथ रवाना हुए थे। पूरे गांव ने उन्हें माता के दर्शन कर लौटने की शुभकामनाएं दी थीं। शुरुआत में परिजन लगातार फोन पर यात्रियों से संपर्क में बने रहे, लेकिन मंगलवार को अचानक मोबाइल से संपर्क टूट गया। शाम को सूचना मिली कि अर्धकुमारी के पास भूस्खलन हुआ है, जिसमें कई श्रद्धालु दब गए। देर रात पुष्टि हुई कि भीलखेड़ी के श्रद्धालु भी इस हादसे में शामिल हैं। बारिश के चलते मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे अर्धकुमारी के पास पहाड़ी खिसक गई। इस दौरान वैष्णोदेवी से लौट रहे श्रद्धालु मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में कुल '32 लोगों की मौत और 20 के घायल' होने की खबर है।

## होटल में बल्ब के होल्डर में स्पाई कैमरा छिपाकर कपल्स के वीडियो शूट किए

◆ कई और कपल्स के निजी पलों के वीडियो मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। होटल में बल्ब के होल्डर में स्पाई कैमरा छिपाकर कपल्स के वीडियो शूट करने वाली गैंग ने कई खुलासे किए हैं। मास्टरमाइंड इंजीनियरिंग की छात्रा राधा चौबे के बॉयफ्रेंड भूपेंद्र धाकड़ के मोबाइल में कई और कपल्स के निजी पलों के वीडियो मिले हैं।**

ये उन्होंने होटल विराट इन के रूम नंबर 203, 206 में शूट किए थे, लेकिन होटल के रिसेप्शन से उन्हें इन कपल्स के मोबाइल नंबर नहीं मिल पाए। इस कारण गैंग उनको ब्लैकमेल नहीं कर सकी। आरोपी राधा, उसके बॉयफ्रेंड भूपेंद्र धाकड़ और तीसरे आरोपी बृजेश धाकड़ को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में पता लगा है कि राधा होटल में जाकर रूम बुक किया करती थी। भूपेंद्र और बृजेश राधा से मिलने के बहाने होटल में आते थे और रूम में सही जगह चुनकर बल्ब होल्डर वाला स्पाई कैमरा इंस्टॉल कर देते थे। फिर 7 दिन बाद लौटकर वही रूम बुक करते थे और स्पाई कैमरा निकालकर दूसरा इंस्टॉल कर देते थे। अब पुलिस इन वीडियो के संबंध में होटल में भी पड़ताल कर रही है। आशंका है कि होटल स्टाफ से भी कोई इस गैंग से जुड़ा हो सकता है। आरोपियों ने जेल जाने से पहले पुलिस अफसरों को बताया कि वे वीडियो शूट करने के लिए होटल विराट इन को ही चुनते थे।

इसकी वजह यह है कि होटल सिटी सेंटर में है, इसलिए यहां कपल्स काफी आते हैं, जिससे उन्हें आसान टारगेट मिल जाते थे। ग्वालियर के चीनोर का रहने वाला पुष्पेंद्र प्रजापति (27) रेलवे में कर्मचारी है। उसकी बहन ने एसएसपी को शिकायत कर बताया था कि कुछ लोग भाई को ब्लैकमेल कर रहे हैं। यदि उसे जल्दी बाहर नहीं निकाला गया तो वह सुसाइड जैसा कदम भी उठा सकता है। इसके बाद पुलिस ने पुष्पेंद्र से बात की तो उसने बताया कि वह 26 जुलाई 2025 को सिटी सेंटर को होटल विराट इन में गर्लफ्रेंड के साथ रुका था। रूम नंबर 203 में 5 घंटे गुजारे थे और इसके बदले मैनेजर मुकेश शर्मा को 1200 रुपए नकद दिए थे। यह रूम गर्लफ्रेंड की सहेली दतिया की रहने वाली राधा चौबे ने बुक किया था। कुछ दिन बाद अनजान नंबर से वॉट्सऐप मैसेज आया, जिसमें लिखा था कि तुम्हारे गर्लफ्रेंड के साथ निजी पलों की पूरी रिकॉर्डिंग कर ली है। 1 लाख रुपए देने होंगे नहीं तो वीडियो वायरल कर देंगे। पुष्पेंद्र ने डर के कारण समय मांगा तो ब्लैकमेलर ने 3 दिन की मोहलत दी। 23 अगस्त को फिर कॉल आया। कहा- तू ज्यादा स्मार्ट बन रहा है, अब जीने नहीं देंगे। 30 मिनट में पैसे अकाउंट में डाल। ब्लैकमेलरों ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र का अकाउंट नंबर भेजा और लगातार दबाव बनाया।

डर के कारण पुष्पेंद्र ने पहले 5 हजार, फिर 45 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इसके बाद धमकी देकर 50 हजार रुपए और मांगे गए तो उसने अपने भाई को पूरी बात बता दी।

## एक जोड़ी नाग-नागिन छोड़ने की परंपरा...

**बुरहानपुर।** 400 साल पुराने अड़वाल नाग मंदिर में ऋषि पंचमी पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बुरहानपुर जिले के उखड़गांव में स्थित अड़वाल नाग मंदिर लगभग 400 साल पुराना है। धार्मिक मान्यता है कि इस मंदिर में जो भी भक्त सच्चे मन से मन्नत मांगता है उसकी इच्छा पूरी होती है। मन्नत पूरी होने के बाद श्रद्धालु मंदिर परिसर में नाग-नागिन का जोड़ा छोड़कर अपनी आस्था प्रकट करते हैं। इसी परंपरा के चलते ऋषि पंचमी पर लगने वाले इस वार्षिक मेले का खास महत्व है। गुरुवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें



लगी रही। मंदिर परिसर में घंटियों और जयकारों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर अपने परिवार और समाज के सुख-समृद्धि की कामना की। साल भर इंतजार के बाद लगने वाला यह मेला आस्था और विश्वास का प्रतीक बन चुका है। इस मंदिर पर जो भी श्रद्धालु आता है, वह सच्चे मन से जो मनोकामना करता है, और अगर उसकी मनोकामना पूरी हो जाती है तो वह दुनिया में कहीं पर भी रहता है, मंदिर के इस कार्यक्रम में जरूर पहुंचता है।

वह अपनी श्रद्धा पूर्वक नाग नागिन का जोड़ा खरीद कर उसे छोड़ता है। एक दिन में हजारों की संख्या में नाग नागिन यहां छोड़े जाते हैं। यह परंपरा 400 साल पुरानी है। बुरहानपुर ताप्ती नदी के करीब यह मंदिर बना हुआ है। बाढ़ के पानी में भी श्रद्धालु यहां पर अपनी मनोकामना लेकर पहुंचते हैं। नाग नागिन के जोड़ों के साथ भुजिया भी चढ़ाई जाती है।

## संपादकीय

### भारत-कनाडा में राजनयिकों के नियुक्ति एक महत्वपूर्ण कदम

पिछले साल एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर हुए एक भद्दे कूटनीतिक विवाद के बाद भारत और कनाडा ने गुरुवार को एक-दूसरे की राजधानियों में उच्चायुक्तों की नियुक्ति की घोषणा की। इस घोषणा को संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है। खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या के मामले को लेकर भार-कनाडा के द्विपक्षीय संबंध बेहद खराब हो गए थे। इस साल जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच हुई मुलाकात हुई थी। इसमें उन्होंने संबंधों को स्थिर करने के लिए "सोचे-समझे और रचनात्मक" कदम उठाने पर सहमति जताई थी। मोदी ने जून में अल्बर्टा में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान कार्नी से मुलाकात की थी। साथ ही साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति सम्मान तथा संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता के आधार पर संबंधों के पुनर्निर्माण के लिए कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की थी। तब दोनों पक्ष 'चिंताओं और संवेदनशीलताओं के प्रति पारस्परिक सम्मान, लोगों के बीच मज़बूत संबंधों और बढ़ती आर्थिक पूरकताओं' पर आधारित एक संतुलित साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए थे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भारत, कनाडा के अधिकारियों के साथ खालिस्तानी अलगाववादियों के खिलाफ कार्रवाई की आवश्यकता पर ज़ोर देता रहेगा। ये लोग भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। भारत ने वरिष्ठ राजनयिक दिनेश पटनायक को कनाडा में भारत का नया उच्चायुक्त नियुक्त करने की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पटनायक वर्तमान में स्पेन में भारत के राजदूत हैं। पटनायक जल्द ही अपना नया कार्यभार संभालेंगे। इसके तुरंत बाद, कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने अनुभवी राजनयिक क्रिस्टोफर कूटर को भारत में नया उच्चायुक्त नियुक्त करने की घोषणा की। कूटर के पास भारत में पहले भी सेवा देने का अनुभव है। ओटावा ने गुरुवार को नई नियुक्तियों को दोनों देशों के नागरिकों और बिजनेस के लिए आवश्यक राजनयिक सेवाएं बहाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इससे पहले खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद संबंधों में आई खटास के बाद भारत ने दर्जनों राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। ओटावा ने इसके लिए भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। भारत हमेशा से कहता रहा है कि कार्नी के पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने दावे के समर्थन में कभी कोई सबूत नहीं दिया। कनाडा ने पिछले साल अक्टूबर में भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा और पांच अन्य भारतीय राजनयिकों को हिंसा अभियान चलाने का आरोप लगाते हुए निष्कासित कर दिया था। भारत ने कहा था कि वर्मा और अन्य को इसलिए वापस बुलाया गया क्योंकि कनाडाई अधिकारी 'उग्रवाद और हिंसा के माहौल' में उनकी और अन्य भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहे थे।

## OSHO कहिन

"प्यार की कोई परिभाषा नहीं हो सकती, इसे केवल अनुभव किया जा सकता है।"



## महिला जगत

# खंडित मूर्तियों को नया जीवन देने वाली महिला की कहानी

### श्रद्धा को बनाया पर्यावरण की ताकत



धर्म और श्रद्धा से जुड़ी मूर्तियां और फ्रेम्स जब टूट जाते हैं या पुराने हो जाते हैं तो हम अक्सर उन्हें नदी या झील में बहा देते हैं। कुछ लोग तो खंडित और पुरानी भगवान की मूर्तियों को मंदिरों में या पेड़ों के नीचे रख देते हैं। यह परंपरा हमें भले ही सही लगे, लेकिन यह न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है बल्कि श्रद्धा के अपमान के बराबर है। इस समस्या को पहचानकर 33 वर्षीय तृप्ति गायकवाड़ ने बदलाव की ठानी और 'संपूर्णम' नामक अभियान की शुरुआत की।

### ◆ कौन हैं तृप्ति गायकवाड़

तृप्ति पुणे की रहने वाली हैं और पेशे से वकील हैं। साल 2019 में जब तृप्ति ने एक व्यक्ति को खंडित मूर्ति नदी में डालते देखा तो उन्होंने उसे ऐसा करने से रोका। हालांकि ये एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है। आए दिन ऐसा ही तो होता था, कोई न कोई अपने घर से टूटी प्रतिमाएं लाकर विसर्जित कर दिया करता था। तृप्ति को समझ आया कि महज किसी एक को समझाना पर्याप्त नहीं है। इन खंडित मूर्तियों और टूटे फोटो फ्रेम्स के लिए कोई ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

### ◆ टूटी मूर्तियों और फोटो फ्रेम्स घर-घर से किया इकट्ठा

उन्होंने ठान लिया कि इन धार्मिक वेस्ट को अपसायकल करना होगा ताकि समाज और पर्यावरण दोनों को फायदा पहुंचाया जा सके। शुरुआत दोस्तों की मदद और स्थानीय कारीगरों के साथ से हुई। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया के जरिए अपील की कि वे अपने घरों से खंडित मूर्तियां और पुराने फ्रेम्स उन्हें सौंपें। 'संपूर्णम' टीम घर-घर जाकर एक न्यूनतम शुल्क पर खंडित मूर्ति या पुराने फोटो फ्रेम इकट्ठा करने लगी। पुणे, मुंबई और नासिक से शुरू हुई यह छोटी पहल आज देशभर से 350 टन से ज्यादा धार्मिक वेस्ट को पानी में जाने से रोक चुकी है।

### ◆ हर टूटे टूकड़े को दिया नया रूप

मूर्तियों और फोटो फ्रेम्स के टूटे टुकड़े को एक नया जीवन देते हुए तृप्ति ने गरीब बच्चों के लिए खिलौने बनाएं, साथ ही पक्षियों के लिए घोंसले तैयार कराएं। ये खिलौने गरीब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और पक्षियों के लिए आशियाना बनें। इन टूटे हुए टुकड़ों से कभी प्लेट बनती है तो कभी सजावटी सामान। श्रद्धा का भार अब प्रकृति और मुस्कुराहटों में बदल रहा है। तृप्ति का मानना है, "अगर आधुनिकता मूर्तियां बनाने में आ सकती है, तो क्यों न खंडित मूर्तियों और फ्रेम्स को रीसायकल करने में भी लाई जाए। यही 'संपूर्णम' का मकसद है।" यह पहल न सिर्फ पर्यावरण को बचा रही है बल्कि महिला नेतृत्व की ताकत को भी सामने ला रही है। तृप्ति ने दिखा दिया है कि एक महिला की सोच और संकल्प से समाज में बड़े बदलाव संभव हैं।

Uttarakhand

# उत्तराखंड के चमोली में बादल फटने से त्रासदी कई लोग फंसे, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**चमोली, (एजेंसी)** उत्तराखंड के चमोली जिले के देवाल क्षेत्र में बीती रात प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाया। मूसलाधार बारिश और बादल फटने की घटना ने मोपाटा गांव में तबाही मचा दी। इस हादसे कुछ लोगों के लापता होने की खबर है। भारी बारिश के कारण आए मलबे ने बदरीनाथ हाईवे को चटवा पीपल के पास पूरी तरह बाधित कर दिया है, जिससे आवागमन ठप हो गया है।

जानकारी के अनुसार, बादल फटने के बाद मोपाटा गांव में तबाही मचा दी। इस हादसे में तारा सिंह और उनकी पत्नी लापता बताए जा रहे हैं, जबकि विक्रम



सिंह और उनकी पत्नी घायल हुए हैं। स्थानीय गोशाला के मलबे में दबने से 15 से 20 पशुओं के मारे जाने की भी खबर है।

चमोली के जिला मजिस्ट्रेट संदीप तिवारी ने बताया कि राहत टीमें तत्काल मौके पर पहुंच चुकी हैं और बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो गया है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमें प्रभावित क्षेत्र में लोगों की मदद के लिए दिन-रात जुटी हुई हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस आपदा पर गहरी संवेदना जताई है। उन्होंने अपने आधिकारिक X हैंडल पर लिखा, 'चमोली के देवाल और रुद्रप्रयाग के बसुकेदार क्षेत्र में बादल फटने से मलबा आने की वजह से कुछ परिवारों के फंसे होने का दुखद समाचार मिला है।

Karnataka

# दहेज प्रताड़ना के चलते एक और मौत!

## बेंगलुरु में फांसी पर झूली सॉफ्टवेयर इंजीनियर



**बेंगलुरु, (एजेंसी)** कर्नाटक में साउथ बेंगलुरु के सुद्दुगुंटेपाल्या में 27 साल की महिला इंजीनियर की आत्महत्या का हैरान करने वाला मामला सामने आया है. इंफोसिस में इंजीनियर रही शिल्पा के माता पिता ने आरोप लगाया है कि पति और ससुराल वालों द्वारा दहेज प्रताड़ना के चलते उसने ये खौफनाक कदम उठाया है. एफआईआर के बाद से शिल्पा के पति प्रवीन को गिरफ्तार कर लिया गया है. शिल्पा की शादी लगभग ढाई साल पहले सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल रहे प्रवीण से हुई थी और उनका एक डेढ़ साल का बच्चा भी है.

शिल्पा के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, प्रवीण के परिवार ने शादी के समय 15 लाख रुपये नकद, 150 ग्राम सोने के गहने और घरेलू सामान की मांग की थी. इन मांगों को पूरा करने के बावजूद, शिल्पा के ससुराल वालों ने शादी के बाद कथित तौर पर उन पर अतिरिक्त पैसे और कीमती सामान देने का दबाव बनाना शुरू कर दिया. परिवार का दावा है कि दहेज को लेकर बार-बार ताने और मानसिक प्रताड़ना के कारण शिल्पा ने आत्महत्या कर ली.

शिल्पा के चाचा ने बताया कि 'हमने तीन साल पहले उसकी शादी धूमधाम से की थी. हमने अपना घर बेच दिया और शादी पर 40 लाख रुपये खर्च किए. शादी के समय हमने उसे 160 ग्राम सोने के गहने भी दिए थे.'

Rajasthan

# राजस्थान के 4 व्यापारी भाइयों की मौत

**चूरू, (एजेंसी)** वैष्णो देवी मार्ग पर हुए भीषण हादसे में राजस्थान के चार व्यापारी भाइयों की भी मौत हो गई। ये सभी कश्मीर से लौटकर माता के दर्शन के लिए जा रहे थे। चारों एक ही परिवार के थे। वैष्णो देवी मार्ग पर अब तक 30 से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान के एक ही परिवार के चार व्यापारी भाइयों की 26 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर हुए भीषण भूस्खलन में मौत हो गई। सुजानगढ़ (चूरू) और नागौर जिलों के निवासी सभी चार भाई मंगलवार दोपहर अर्धकुमारी मंदिर के पास भारी मलबे और पत्थरों के नीचे दब गए। परिवार के सदस्यों के अनुसार, यह समूह पिछले एक हफ्ते से श्रीनगर की यात्रा पर था। वापस लौटने के बाद वे माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए निकले थे। मृतकों की पहचान सुजानगढ़ के इंदिरा प्लाजा मार्केट के दुकान मालिक 35 साल केअरविंद, सुजानगढ़ के नया बाजार के दुकान मालिक अरविंद के बड़े भाई 43 साल के अनिल, सुजानगढ़ के सारोठिया मार्केट के व्यापारी 32 साल के गजानंद और नागौर जिले के दुकान मालिक 35 साल के संदीप के रूप में हुई है।

Chhattisgarh

# छत्तीसगढ़ में राजा रघुवंशी जैसा हत्याकांड!

**दुर्ग, (एजेंसी) छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में राजा रघुवंशी जैसा हत्याकांड सामने आया है। पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटवा दिया। प्रेमी ने महिला के पति की हत्या कर आंवला बाड़ी में शव को पत्थर से कुचल दिया और बेफिक्र होकर रहने लगा। जांच के बाद पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

मृतक की पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। दुर्ग एएसपी ने बताया कि पुलगांव थाना क्षेत्र के नगपुरा चौकी पुलिस को 24 अगस्त को सूचना मिली थी कि आंवला बाड़ी में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। शव डिस्पोज हो चुका था। जांच के लिए कचांदुर मेडिकल कालेज भेजा गया। मृतक की पहचान के लिए कंट्रोल रूम के माध्यम से अन्य जिलों में रेडियो मैसेज कराया गया। साइबर प्रहरी के माध्यम से भी फोटो वायरल किया गया। इसी बीच मृतक की पत्नी अंजनी ठाकुर मृतक की पहचान अपने पति धनेश ठाकुर के रूप में की, जिसके बाद पुलिस जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के संबंध में मुखबिर लगाकर आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की, जिसमें इस बात की जानकारी लगी कि मृतक की पत्नी अंजनी ठाकुर का प्रेम संबंध हरपाल सिंह उर्फ छोटू राजपूत से है। वह उसके घर आना जाना करता है। पुलिस ने हरपाल सिंह राजपूत उर्फ छोटू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। हरपाल ने पुलिस के सामने मृतक धनेश ठाकुर की पत्नी अंजनी ठाकुर से कई वर्षों से प्रेम संबंध होना स्वीकार किया।

खेल

# पीवी सिंधु बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं, वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी को हराया

## मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव-तनिषा की जोड़ी भी जीती

**पेरिस, (एजेंसी) डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने BWF बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने गुरुवार को विमेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 16 मैच में चीन की वांग झी को सीधे गेम में हराकर बाहर कर दिया। मिक्स्ड डबल्स इवेंट में भी भारतीय जोड़ी को सफलता मिली।**

वर्ल्ड नंबर-2 के खिलाफ हावी हैं सिंधु ओलिंपिक में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकीं सिंधु ने वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखा। सिंधु ने 5वें हेड टु हेड मैच में वांग को तीसरी बार हराया। वर्ल्ड नंबर-15 सिंधु ने पहला गेम कड़ी टक्कर के बाद 21-19 के अंतर से जीता।

सिंधु ने पहला गेम जीतने के बाद दूसरे गेम में भी 12-6 के अंतर से बढ़त बना ली। उन्होंने



इस बढ़त को कायम रखा और 21-15 के अंतर से दूसरा गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना वर्ल्ड नंबर-1 साउथ कोरिया की आन से यंग से हो सकता है।

3 गेम में जीतीं मिक्स्ड डबल्स जोड़ी वर्ल्ड नंबर-16 भारत के ध्रुव कपिला और तनिषा क्रष्टो की जोड़ी ने 3 गेम में राउंड ऑफ 16 मैच जीता। वर्ल्ड नंबर-2 हॉन्ग कॉन्ग के तांग चुन मिन और से यिंग सुट ने दोनों को पहला गेम 21-19 के अंतर से हरा दिया। ध्रुव-तनिषा ने दूसरे गेम में वापसी की और 21-12 से जीत दर्ज कर मैच बराबर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने 21-15 के अंतर से तीसरा गेम जीता और क्वार्टर फाइनल में एंट्री कर ली।

प्रणय को वर्ल्ड नंबर-2 ने हराया मेंस सिंगल्स इवेंट में भारतीय चुनौती खत्म हो गई। एचएस प्रणय को बुधवार देर रात राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें वर्ल्ड नंबर-2 डेनमार्क के आंद्रेस एंटोनसेन ने 3 गेम में हरा दिया। आंद्रेस ने पहला गेम बेहद आसानी से 21-7 के अंतर से जीत लिया।

प्रणय ने वापसी की और 21-17 से दूसरा गेम अपने नाम किया और मैच बराबरी पर ला दिया। तीसरे गेम में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और एक समय स्कोर 21-21 से बराबर हो गया। एंटोनसेन ने फिर अटैकिंग गेम खेला और 23-21 से तीसरा गेम जीतकर मैच भी अपने नाम कर लिया। प्रणय से पहले राउंड ऑफ 64 में लक्ष्य सेन को वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा था।

सिनेमा

# लक्ष्मी मेनन की गिरफ्तारी पर रोक



केरल हाईकोर्ट ने एक IT कर्मचारी के अपहरण और मारपीट मामले में एक्ट्रेस लक्ष्मी मेनन की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट में ओणम की छुट्टियों के बाद अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। पुलिस ने घटना में लक्ष्मी मेनन के साथ मौजूद तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों की पहचान मिथुन, अनीश और सोना मोल के रूप में हुई है। लक्ष्मी ने अपनी अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी और तर्क दिया था कि शिकायतकर्ता ने उनका और सोना मोल का अपमान किया है। एक्ट्रेस के खिलाफ एक IT कर्मचारी अलियारशा सलीम की शिकायत पर 25 अगस्त को मामला दर्ज किया गया था। उसने आरोप लगाया था कि 24 अगस्त की रात एर्नाकुलम नॉर्थ ब्रिज के पास जब वह अपनी गाड़ी से बाहर निकले, तो आरोपियों ने उनका अपहरण किया और मारपीट की।

## Highlights

1. Two killed, nine injured as bus falls off bridge near Belagavi
2. PM Modi likely to hold bilateral meeting with Xi in China after 7 years
3. BJP questions CM Sukhu's absence as Himachal battles rain fury
4. Govt extends duty-free import of cotton by 3 months, till Dec 31
5. Indian economy can overtake US by 2030, says EY a month after Trump's 'dead economy' remark

# Groww gets SEBI nod for up to $1 billion IPO at $7-billion valuation

**NEW DEIHI, (Agency).** Billionbrains Garage Ventures, the parent company of stockbroking firm Groww, has secured approval from markets regulator Sebi to launch its initial public offering (IPO) aimed at raising between USD 700 million and USD 1 billion, industry sources familiar with the development said on Thursday.

With this, the investment platform could be valued at around USD 7 billion, they added.

The proposed IPO is a combination of a fresh issue of equity shares and an offer for sale (OFS) component.

Billionbrains Garage Ventures, in May, filed a draft red herring prospectus with Sebi through a confidential pre-filing route.

The company, which is backed by marquee investors like Peak XV, Tiger Capital, and Microsoft CEO Satya Nadella, plans to use proceeds of the IPO for investment in technology development and business expansion.

To manage the offering, Groww already appointed JP Morgan India Private Ltd, Kotak Mahindra Capital Company Ltd, Citigroup Global Markets Private Ltd, Axis Capital Ltd, and Motilal Oswal Securities Ltd.

Founded in 2016, Groww is India's largest stock broker with over 12.3 million active clients, holding over 26 per cent market share as of August 2025.

According to ROC filings, the company posted revenues of ₹4,056 crore and a profit after tax of ₹1,818 cr for FY25.

In May, Singapore's sovereign wealth fund GIC sought fair trade regulator CCI's approval to acquire a 2.14 per cent stake in Billionbrains Garage Ventures.

Groww has opted for the confidential pre-filing route, which allows it to withhold public disclosure of IPO details under the draft red herring prospectus (DRHP) until later stages. This route is gaining traction among Indian firms aiming for flexibility in their IPO plans.

# Indian billionaires abroad don't want to return home, Harsh Goenka laments

**MUMBAI, (Agency).** Indian billionaires are quitting the UK and US but none of them want to return to India, according to RPG Group Chairman Harsh Goenka.

"Most Indian billionaires are quitting London over tax and safety reasons and some are leaving America as they don't like Trump," the RPG Group Chairman posted on X, formerly Twitter. "They are eyeing Dubai, Singapore, Portugal, Switzerland—not one I know is thinking of returning to India as an opinion..."

"Why? That's the question we need to search our hearts for."

Actor Ranvir Shorey chose to respond: "Because it's too overcrowded! More people need to become billionaires and leave!"



Tehnseen Poonawalla, venture capitalist and internet personality, believes it's to do with "tax terrorism" and "GST extortion" and, of course, bureaucracy.

"I have been saying this continuously. If India wants to attract and retain HNIs (high net-worth individuals) and talent, we need less babus and an end to tax terrorism and GST extortion going on," he posted in response to Goenka's tweet. "We need to celebrate entrepreneurs without them being humiliated by babus.!"

Flight Risk

But forget about Indian billionaires heading back home, Indian millionaires are leaving the country in droves, second only to the Chinese and the British.

According to the Henley Private Wealth Migration Report, 5,100 Indian millionaires relocated abroad in 2023, and 4,300 likely did so in 2024, according to a Livemint report.

Still, India continues to produce more high net-worth individuals than it loses, and many of those who do move abroad retain business interests or investments back home.

# द्वारकापुरी इलाके में सिलेंडर ब्लास्ट, 3 लोग घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)


**इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में गुरुवार दोपहर एक दुकान में रखा सिलेंडर अचानक फट गया। इस हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। घटना 60 फीट रोड इलाके में स्थित दीपक ट्रेडर्स की है। धमाका इतना जबरदस्त था कि घर के बाहर वाली दुकान का बोर्ड फट गया, सामान उड़कर बाहर आ गया।**

विनोद माखीजा का 2 मंजिला मकान है। इसी में परिवार रहता था। यहां किराए से बंटी कसेरा की बर्तन दुकान है। बताया जा रहा है कि गैस रिफिलिंग के दौरान ये हादसा हुआ। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इस हादसे में एक पड़ोसी और बंटी के परिजन घायल हुए हैं।

मौके पर जांच के लिए फोरेंसिक टीम भी पहुंची है। जिस दुकान में विस्फोट हुआ है, वहां से पुलिस ने चार-पांच सिलेंडर जब्त किया है। रिफिलिंग हो रही थी या नहीं इसकी जांच की जाएगी। पुलिस ने दुकान को सील कर दिया है। मौके पर मौजूद एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने बताया कि 60 फीट रोड पर श्रीनाथ स्टील सेंटर के यहां सिलेंडर फटने की सूचना मिली थी। मौके पर वक्त तीन लोग थे, जो घायल हुए हैं। इनमें दीपक माखीजा, रोहित और सुनील शामिल हैं।



इन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। दुकानदार जितेंद्र कसेरा ने बताया कि मुझे फोन आया था पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति का। उन्होंने कहा कि तुम्हारी दुकान के पास गैस की टंकी फट गई है। मैंने उनसे पूछा- क्या हुआ है? उन्होंने बताया कि पड़ोस में माखीजा जी के घर में गैस की टंकी फटी है और बंटी दिखाई नहीं दे रहा है, इसलिए तुम तुरंत आ जाओ। आसपास के लोगों का कहना है गैस रिफिलिंग नहीं हो रही थी। एक टंकी रखी थी, जो वॉशर निकालने पर फट गई। हालांकि इस मामले में पुलिस का कहना है जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। हादसे में घायल रोहित ने अस्पताल में पूछताछ में बताया कि वह बर्तन जमा रहा था। इसी दौरान अचानक धमाका हुआ। वह दुकान से बाहर फेंका गया। उसे समझ ही नहीं आया कि क्या हुआ। घायल सुनील पाल (16) ने बताया कि वह रोहित के साथ साफ-सफाई कर रहा था। अचानक धमाका हुआ। कान सुन्न हो गए। सुनील के पिता रिक्शा चलाते हैं। वह परिवार का इकलौता बेटा है।



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक